साईं की नगरिया में होली | by Sandeep Ganglas

झूम के खेलो नाच के खेलो खुल्लम खुल्ला खेलो आज
मेरे बाबा की नगरिया में होली खेलो आज
मेरे साई की नगरिया में होली खेलो आज

साई के रंग से जो भी खेले हर संकट मिट जाएंगे
बाबा मेरे भोले भाले सोते भाग जगायेंगे
छोटा हो या कोई बड़ा हो सबको दर्शा कराएँगे
मेरे बाबा की नगरिया में .....

हो कोई राम लला का प्यारा या कोई अल्लाह कहता हो
इनके दर पे फर्क ना होगा मन में जो भी रहता हो
जो साईं के रंग में रंगेगा उसकी प्यास बुझाएंगे
मेरे बाबा की नगरिया में .....

साई की होली ऐसी खेलो सारा जग हो अपना
खुशियों के रंग भर जायेंगे साई का सच हो सपना
जब तक सांस रहेगी तन में तेरा ही गुण गाएंगे
मेरे बाबा की नगरिया में .....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%88%e0%a4%82-%e0%a4%95%e0%a5%80-%e0%a4%a8%e0%a4%97%e0%a4%b0%e0%a4%bf%e0%a4%af%e0%a4%be-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%82-%e0%a4%b9%e0%a5%8b%e0%a4%b2%e0%a5%80-by-sandeep-ganglas/